SCHOOL SWIMMING AND WATER SAFETY PROGRAM

Message to Parents / Caregivers

माता-पिता/देखभाल कर्ताओं के लिये संदेश

हमारे स्कूल पाठ्यक्रम में तैरना सीखने का कार्यक्रम शामिल करने की व्यवस्था की गई है।

Department of Education and Communities स्कूल तैराकी योजना शीघ्रता से थोड़े समय में तैरना सीखने का कार्यक्रम है, जो विद्यार्थियों में पानी के अन्दर जाने के लिए आत्मविश्वास का विकास करता है व उनको पानी में सुरक्षा व बचाव की मूलभूत निपुणताएँ प्रदान करता है। यह योजना दस दिन की है। प्रतिदिन 45 मिनिट का प्रशिक्षण दिया जाता है।

**जिन विद्यार्थियों में पानी में सुरक्षा व बचाव की संतोषजनक स्तर की मूलभूत निपुणताएँ नहीं होती है, और वे गहरे पानी में 25 मीटर बिना किसी मदद के, आत्मविश्वास से नहीं तैर सकते हैं, वे विद्यार्थी स्कूल तैराकी योजना में भाग लेने के लिए उपयुक्त होते हैं। यह योजना Years 2-6 के कमज़ोर तैराकों व विशेष आवश्यकताओं वाले विद्यार्थियों, जैसे कि ऑस्ट्रेलिया में जो हाल ही में आए हों या जो विकलांग हो, उन पर ध्यान केंद्रित करती है।**

तैराकी शिक्षण इस पूल में होगा ________________________
Name of pool

यह योजना **दो सप्ताह के लिए प्रतिदिन** चलेगी

आरम्भ तिथि ________________ समाप्ति तिथि ________________
Start date Finish date

तैराकी शिक्षण निःशुल्क होगा।

यातायात का खर्चा होगा ________________ प्रतिदिन
Daily transport cost

पूल प्रवेश का खर्चा होगा ________________ प्रतिदिन
Daily pool entry cost

इस 10 दिन की योजना का कुल खर्चा है ________________
Total cost for 10 days

हर बच्चे को तैरने के कपड़े, एक तौलिया, एक ब्लाउज़ या कमीज़, एक हैट व ठंड हो तो कोई गर्म कपड़ा लाना होगा। यदि पूल खुले क्षेत्र में है तो सलाह दी जाती है कि विद्यार्थी सूरज से अच्छी सुरक्षा करें, जैसे कि SPF 30+ ब्रॉड स्पेकट्रम क्रीम, पानी में न बहने वाली सन क्रीम, बार-बार लगाएँ। एक टी-शर्ट या रैश शर्ट (सूरज से सुरक्षा के लिए) की भी सलाह दी जाती है (यदि पूल में इसकी अनुमति हो तो)।

स्कूल तैराकी योजना के दौरान विद्यार्थियों की पानी में बिना चश्मा पहने सुरक्षा की सभी दक्षताओं का मूल्याँकन किया जाएगा।

यदि आपका बच्चा इस योजना के लिए उपयुक्त है तो कृपया नीचे दिए गए अनुमति फॉर्म को भर कर व हस्ताक्षर कर अपने बच्चे की क्लास टीचर को वापस कर दें।

प्रिंसिपल: ________________ तिथि: ________________
Name of principal Date